उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग
हरिद्वार–249404

संख्या : 15/04(vii)/डी0आर0/वि0नि0नि0प्र0/सेवा–3/2022–23, दिनांकः 10 जुलाई, 2023

विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग द्वारा रेशम विभाग, उत्तराखण्ड के अन्तर्गत सहकारिता पर्यवेक्षक समूह 'ग' सीधी भर्ती के रिक्त 02 पदों एवं शहरी विकास विभाग, उत्तराखण्ड के अन्तर्गत विभिन्न निकायों/निगमों में पर्यावरण पर्यवेक्षक समूह 'ग' सीधी भर्ती के रिक्त 53 पदों पर चयन हेतु विज्ञापन संख्या–A-2/DR/S-3/2023-24, दिनांक 10 जुलाई, 2023 के माध्यम से **'सहकारिता पर्यवेक्षक एवं पर्यावरण पर्यवेक्षक (समूह 'ग') परीक्षा–2023'** का विज्ञापन प्रकाशित किया गया है। उक्त विज्ञापन में उल्लिखित शैक्षिक अर्हता के आधार पर पात्र अभ्यर्थियों से प्रश्नगत पदों हेतु दिनांक 10 जुलाई, 2023 से दिनांक 31 जुलाई, 2023 तक ऑनलाइन आवेदन आमांत्रित किये जाते हैं। ऑनलाइन आवेदन के क्रम में प्रमुख तिथियां निम्नवत् हैः–

1. **विज्ञापन प्रकाशन एवं ऑनलाइन आवेदन प्रारम्भ होने की तिथि :: 10 जुलाई, 2023**
2. **ऑनलाइन आवेदन किये जाने की अंतिम तिथि :: 31 जुलाई, 2023 (रात्रि 11:59:59 बजे तक)**

प्रश्नगत पदों हेतु इच्छुक/पात्र अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन करने से पूर्व आयोग की वेबसाइट www.psc.uk.gov.in पर प्रसारित विस्तृत विज्ञापन में वर्णित समस्त शर्तों/निर्देशों का भली–भांति अवलोकन कर लें। ऑनलाइन आवेदन करते समय उत्पन्न समस्याओं के समाधान हेतु अभ्यर्थी ukpschelpline@gmail.com पर ई0मेल कर सकते हैं।

-Sd-
(गिरधारी सिंह रावत)
सचिव।